खण्ड : 15 संख्या : 17

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग—1

## (कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

शनिवार, तिथि : 17 अप्रैल, 1999

लिए आप प्रयास कीजिए तो पैसे को भुगतानकर्ता लोग जमा करेंगे क्योंकि अभी मन में है कि फिर पैसा जमा करेंगे तो हमारा पैसा फंस जायेगा।

**श्री राधाकृष्ण किशोर** : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ इन्फार्मेशन है। प्वायंट ऑफ इन्फार्मेशन है कि प्रेस गैलरी के सदस्यगण किसी कारण से बहिष्कार किये हैं।

**उपाध्यक्ष** : हम पता किये हैं, बहिष्कार नहीं किये हैं, संभवतः वे लोग दिल्ली की खबर के लिए व्यस्त हैं।

**श्री राधाकृष्ण किशोर** : महोदय, मेरी जानकारी है कि प्रश्न पत्र या ऑर्डर पेपर नहीं पहुंच पाया है, इसलिए वे लोग बहिष्कार किये हैं। यदि ऐसी बात है तो उनको बुलवा लें।

**श्री रामचंद्र पूर्वे** : महोदय, सदन का बहिष्कार नहीं किये हैं।

**(व्यवधान)**

**उपाध्यक्ष** : बैठिये। जो कठिनाई माननीय सदस्यों के सामने भी आई है। यह सभी प्रश्न को किसी वर्ग में नहीं होने के लिए, 9 तारीख वाले प्रश्न को आज हमलोग ले रहे हैं और स्वाभाविक रूप से माननीय सदस्य को भी यह प्रश्न–पत्र जो है आज का उपलब्ध नहीं कराया गया है, यह आपका अनुमान हो सकता है, लेकिन इसके पहले भी सूचना दी गई थी कि 9 तारीख वाला प्रश्न– सदन में भी घोषणा किया गया था और परिपत्र, सर्कुलर से भी जो आपलोगों को रोज–दिन दैनिक कार्य–सूची के अंदर मिलता है उसके अंदर ही दिया गया है। मैंने देख लिया है कि 9 तारीख वाला प्रश्न आज अंकित रहेगा।

---

## विद्युत की आपूर्त्ति

105. **श्री हुसैन अंसारी**– क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–

(1) क्या यह बात सही है कि देवघर जिलान्तर्गत करौ प्रखंड में पइनिया से मारगोमुडा, भाया– रामपुर–पिपरा, बैजूटाड़ महजोरी गांवों में बिजली की आपूर्त्ति विगत 3,4 वर्षों से बिजली का ख़ंभा, तार ट्रांसफरमर नष्ट हो जाने से बिजली आपूर्त्ति बंद है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त क्षेत्र में बिजली आपूर्त्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है, "हाँ", तो कबतक, "नहीं" तो क्यों ?

**श्री रवीन्द्र चरण यादव :**

(1) उत्तर स्वीकारात्मक हैं।

(2) उक्त गांव का बिजली राजस्व बकाया करीब 62 हजार रूपया है। बकाया राशि का 75 प्रतिशत राशि भुगतान के बाद विद्युत् आपूर्ति शीघ्र करा दिया जायेगा।

**श्री हुसैन अंसारी :** उपाध्यक्ष महोदय, वहां का कहां कोई बकाया है ? किस प्रश्न का जवाब दे रहे हैं ?

**श्री रवीन्द्र चरण यादव :** महोदय, यह जो प्रश्न है उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 62 हजार रूपया बकाया है। 62 हजार रूपया टोटल नहीं, लेकिन 75 परसेंट राशि भी यदि भुगतान हो जाता है जो नियम है तो शीघ्र उसकी विद्युत् आपूर्त्ति करा दिया जायेगा.।

**श्री हुसैन अंसारी :** महोदय, मैं जानना चाहता हूँ कि कौन गांव बाकी है ? महोदय, वहाँ बिजली नहीं गया है सिर्फ पोल गाड़ा गया है, सिर्फ एक ही गांव में बिजली गया है।

**श्री रवीन्द्र चरण यादव :** आप अभी का बता रहे हैं, जब वहां बिजली आपूर्त्ति थी, तभी का बकाया चल रहा है।

**श्री हुसैन अंसारी :** महोदय, केवल एक गांव...

**श्री फुरकान अंसारी :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं भी मधुपुर का रहनेवाला हूँ। मैं जानता हूँ। वहां तो आपका सिर्फ पॉल ही गया है, अभी

तार लगी भी नहीं है तो बकाया कहां से आ गया वहां ? आपका दुकान ही नहीं खुला है तो वहां चाय कौन पीयेगा ? कौन ऑफिसर आपको ऐसा प्रतिवेदन दिया है उसको डांटिये जरा आप।

**श्री रवीन्द्र चरण यादव** : महोदय, माननीय सदस्य की सूचना सही है। प्रश्न का उत्तर भी सही है। हमने कहा अभी की परिस्थिति में तार वहां चोरी हो गई है जिस पर विभाग कार्रवाई कर रही है और ट्रांसफर्मर भी जला हुआ है, पहले का जहां आपूर्ति था लेकिन जिस वक्त विद्युत् आपूर्ति उक्त गांव में हो रहा था उसी वक्त का इतनी राशि बकाया है।

**श्री रवीन्द्र चरण यादव** : जिस वक्त विद्युत् आपूर्ति उक्त गांव में हो रही थी उसी वक्त की राशि बकाया है।

अंसारी साहेब जितने गांव का आप कह रहे हैं; नाम देख लीजिये। प्रश्न में क्या है महोदय देख लीजिये। प्रश्न क्या है– क्या यह बात सही है कि देवघर जिलान्तर्गत करो प्रखंड में पैदनिया से मारमोमूडा भाया–रामपुर पिपरा, बैजूटांड़ महचोरी गांवों में बिजली की आपूर्ति विगत 3–4 वर्षों से बिजली का खंभा, तार ट्रांसफर्मर नष्ट हो जाने से बिजली आपूर्ति बंद है– प्रश्नकर्ता स्वयं कह रहे हैं कि 3–4 वर्षों से इसका मतलब है कि पहले विद्युत् आपूर्ति हो रही थी, उसमें कई गांवों का नाम है।

---

## चिकित्सकों का पदस्थापन

**106. श्री देवनाथ यादव**– क्या मंत्री, स्वा0 चि0 शि0 एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास रेफरल अस्पताल में महिला तथा सर्जन चिकित्सकों का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि "हाँ", तो उक्त चिकित्सकों को आज तक पदस्थापन नहीं करने का क्या औचित्य है ?

**श्री महावीर प्रसाद** :

(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। उक्त रेफरल अस्पताल में 4 चिकित्सा